**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 25.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **विदेशी डेबिट कार्ड के जरिए धन की अवैध निकासी के मामले में ईडी ने छत्तीसगढ़ सहित देशभर में चलाया तलाशी अभियान–जांच में धमतरी और बस्तर में मिला करीब साढ़े छह करोड़ रुपए का संदिग्ध लेनदेन।**
- **प्रदेश में बीज और उर्वरकों के वितरण के लिए नई ई–वितरण प्रणाली लागू की जाएगी।**
- **निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली पर लगेगी रोक–मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अब एनसीईआरटी की पाठ्य–पुस्तकों से ही होगी पढ़ाई।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।**

**ईडी–छापा**

प्रवर्तन निदेषालय–ईडी ने विदेषी डेबिट कार्ड के माध्यम से धन की अवैध निकासी से जुड़े फेमा मामले में छत्तीसगढ सहित देषभर में तलाषी अभियान चलाया। इसके तहत धमतरी और बस्तर क्षेत्र में पिछले दिनों की गई छापामार कार्रवाई में संदिग्ध नकदी निकासी का खुलासा हुआ है। इन स्थानों पर पिछले कुछ वर्षों में लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये निकाले गए हैं। देशभर में की गई जांच में पता चला कि विदेषी डेबिट कार्ड के जरिये करीब पंचानवे करोड़ रुपए भारत लाए गए और विभिन्न राज्यों के एटीएम से बार–बार नकदी निकाली गई। निकाली गई राषि का उपयोग "द टिमोथी इनीषिएटिव" नामक संगठन की गतिविधियों से जुड़े खर्चों में किया गया, जो कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं है। तलाषी के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से पच्चीस विदेशी डेबिट कार्ड और चालीस लाख रुपये नकद सहित अन्य साक्ष्य बरामद किए गए हैं। ईडी इस मामले की जांच कर रही है।

**पेट्रोल/डीजल–आपूर्ति**

पष्चिम एषिया में उत्पन्न स्थितियों के मद्देनजर राज्य सरकार, भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सतत् संपर्क में है, ताकि प्रदेष में पेट्रोल–डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिष्चित हो सके। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

**खाद/बीज–आपूर्ति**

राज्य सरकार ने कहा है कि प्रदेष में खाद की कमी नहीं है और सभी किसानों को पंजीकृत रकबे के अनुसार समय पर खाद प्रदान की जाएगी। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अधिकारियों को उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर पर उड़न दस्ता दल और निगरानी समितियों का गठन करने के निर्देष दिए हैं। इस बीच, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने रायपुर और दुर्ग संभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देष दिए हैं कि पीएम किसान पोर्टल से एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन का काम तेजी से पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने बीज और उर्वरक वितरण के लिए नई ई–वितरण प्रणाली लागू करने के निर्देष भी दिए हैं।

**निजी स्कूल–फीस विनियमन**

राज्य के मुख्य सचिव विकासषील ने कहा है कि निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली पर लगाम लगाई जाएगी और इन स्कूलों में फीस विनियमन समिति को तत्काल क्रियाषील बनाया जाएगा। मुख्य सचिव ने यह भी बताया कि स्कूल षिक्षा विभाग के अधिकारियो को स्पष्ट निर्देष दिए गए हैं कि सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अब एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से ही पढ़ाई कराना अनिवार्य होगा। अभिभावकों और छात्रों पर निजी प्रकाषकों की महंगी किताबें और वर्कबुक खरीदने के लिए दबाव डालने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ अब षिक्षा विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा।

## स्थानीय निकाय चुनाव

प्रदेश में आगामी मई–जून महीने में प्रस्तावित नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में कल नवा रायपुर में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने की। बैठक में आदर्ष आचार संहिता के पालन के लिए आवष्यक निर्देष जारी करने के साथ ही मतदान तिथि के दिन सामान्य अवकाष घोषित करने की कार्यवाही सुनिष्चित करने के निर्देष दिए गए। इस संबंध में निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाषन आगामी पांच मई को किया जाएगा और इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

## माओवादी आत्मसमर्पण

तेलंगाना में आज सैंतालीस माओवादियों ने सामूहिक रूप से सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। बताया जाता है कि इनमें दक्षिण बस्तर डीवीसी के प्रभारी हेमला आयथु उर्फ विज्जा और नौवीं बटालियन के कमांडर पोडियम लाचू उर्फ मनोज भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में एक एसीएम स्तर का नेता, तीन डीवीसीएम, चौबीस एसीएम कैडर और उन्नीस पार्टी सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण के दौरान इन माओवादियों ने बत्तीस हथियार और पांच सौ पंद्रह जिंदा कारतूस सुरक्षा बलों को सौंपा हैं। इनमें एलएमजी, एके–फोर्टी सेवन, रायफल, इंसास रायफल, सिंगल शॉर्ट गन, पिस्टल, बीजीएल गन और अन्य हथियार शामिल हैं। इसके अलावा माओवादियों ने विस्फोटक लगाने में इस्तेमाल किया जाने वाला सौ किलो कॉर्डेक्स वायर भी सौंपा है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाषवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देष और दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ तैंतीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाषवाणी और दूरदर्षन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाषवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

## हज यात्री–फर्स्टएड किट

राज्य हज कमेटी द्वारा आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हज यात्रियों को फर्स्टएड किट सौंपकर उनकी सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश से कुल आठ सौ पंद्रह हज यात्री, यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा यात्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया और मेडिकल किट भी उपलब्ध कराया गया है। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा और वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज भी मौजूद थे।

## ईपीएफओ–निधि आपके निकट

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की ओर से सदस्य सेवाओं को अधिक सरल और जनसुलभ बनाने के लिए "निधि आपके निकट टू प्वॉइंट जीरो" कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत राज्य के विभिन्न जिलों में सत्ताईस अप्रैल को विशेष समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में पीएफ दावा, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर, केवाईसी अपडेट, बैंक खाते की जानकारी में सुधार और पेंशन से जुड़े प्रकरणों के निराकरण संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों, पेंशनधारकों और नियोक्ताओं की समस्याओं का जिला स्तर पर ही तत्काल निराकरण करना है।

## विश्व मलेरिया दिवस

आज विश्व मलेरिया दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जन–जागरूकता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के गौरेला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने, साफ–सफाई बनाए रखने और समय पर जांच कराने का संदेश दिया गया।

## सिग्नेचर ट्यून प्रतियोगिता

आकाषवाणी के नब्बे वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में, एक नई सिग्नेचर ट्यून बनाने की प्रतियोगिता शुरु की गई है। इसका उद्देष्य आकाषवाणी के विषिष्ट कार्यक्रमों के लिए ऐसा संगीत तैयार करना है, जो विषय–वस्तु के अनुरूप हों और श्रोताओं को आकर्षित करें। सभी धुनें केवल वाद्य संगीत पर आधारित होनी चाहिए।

## साइबर ठगी–आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ पुलिस ने करीब सैंतीस लाख रूपए की साइबर ठगी के मामले में राजस्थान के भीलवाड़ा से एक महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों को ट्रांजिट रिमांड पर रायगढ़ लाया गया है। आरोप है कि बीते फरवरी महीने में इन लोगों ने स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताते हुए विद्युत विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजीटल अरेस्ट कर करीब सैंतीस लाख रूपए ठग लिए थे। इस बीच, नवागढ़ पुलिस ने भी साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाष किया है। करीब बीस लाख रूपए की ठगी के मामले में एचडीएफसी बैंक के एक कर्मचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोप है कि इन्होंने फर्जी दस्तावेज के जरिए म्यूल अकांउट खुलवाये थे।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''धमतरी''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। वहीं राज्य के मध्य क्षेत्र में लू की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवाओं के असर से प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से बस्तर संभाग में रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

– भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने बताया है कि जनगणना–दो हजार सत्ताईस के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर एक–आठ–पांच–पांच सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेषों में चालू हो गया है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर में जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल के साथ राज्य में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास और तकनीकी सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

– भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से कल छब्बीस अप्रैल को मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक होगी।

– बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर–रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर आज सुबह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दोपहिया सवार एक शिक्षिका की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

– कोंडागांव जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर घोड़ा गांव के पास यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से नौ यात्री घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जाती है।